# मेरा श्याम सलोना रे देखो दोनो हाथ लुटाए भजन लिरिक्स

मेरा श्याम सलोना रे,
देखो दोनो हाथ लुटाए,
जो कोई माँगे सच्चे मन से,
जो कोई माँगे सच्चे मन से,
झोली भर ले जाए,
मेरा श्याम सलोंना रे,
देखो दोनो हाथ लुटाए।bd।

---

कहने वाला हो तो ये,
भक्तों की बात बनता,
सुन पुकार भक्तों की,
बाबा दौड़ा दौड़ा आता,
तू भी अरज लगा ले रे,
बंदे काहे को शरमाये,
जो कोई माँगे सच्चे मन से,
झोली भर ले जाए,
मेरा श्याम सलोंना रे,
देखो दोनो हाथ लुटाए।bd।

---

नही खज़ाना खाली हो,
भरपूर रहे भंडारा,
भक्तों को जी भर के लूटाता,
बाबा श्याम हमारा,
तू भी ज्योत जगा ले रे,
तेरी दीवाली मन जाए,
जो कोई माँगे सच्चे मन से,
झोली भर ले जाए,
मेरा श्याम सलोंना रे,
देखो दोनो हाथ लुटाए।bd।

---

हाथ हज़ारों इनके भैया,
थके नही मेरा बाबा,
लेने वाला थक जाता जब,
बाबा श्याम लूटाता,
तू भी शक्ति पा ले रे,
बंदे मौका काहे गवाए,
जो कोई माँगे सच्चे मन से,

झोली भर ले जाए,
मेरा श्याम सलोंना रे,
देखो दोनो हाथ लुटाए।bd।

दया लूट ले साँवरिया की,
‘मातृदत्त’ का कहना,
श्याम सुंदर का प्यार मिले तो,
सदा मौज में रहना,
किस्मत आज खुला ले रे,
तेरे सोए भाग जगाए,
जो कोई माँगे सच्चे मन से,
झोली भर ले जाए,
मेरा श्याम सलोंना रे,
देखो दोनो हाथ लुटाए।bd।

मेरा श्याम सलोना रे,
देखो दोनो हाथ लुटाए,
जो कोई माँगे सच्चे मन से,
जो कोई माँगे सच्चे मन से,
झोली भर ले जाए,
मेरा श्याम सलोंना रे,
देखो दोनो हाथ लुटाए।bd।

गायक – राहुल शर्मा (पालम वाले)

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com